# आई टी एल पब्लिक स्कूल
## अर्धवार्षिक परीक्षा ( 2024-25 )
### विषय- हिंदी
### पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

दिनांक : सितंबर 2024 कक्षाः पंचम

समय : 2 घंटे रोल नंबरः

नाम : निरीक्षक हस्ताक्षर ____

सामान्य निर्देश-

1)इस प्रश्न -पत्र में 4 पृष्ठ , 3 भाग और कुल 12 प्रश्न हैं।

2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों का भेद लिखिए।<br>1) शेर शिकार करता है।<br>2) आदमी ने घोड़े को पानी पिलाया।<br>3) जवाहर लाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री थे।<br>4)चूहा बिल में घुस गया।<br>5)चिड़िया छत पर बैठी है।<br>6)काम करते - करते मुझे बहुत थकावट हो गई<br>7)जलेबी में बहुत मिठास होती है।<br>8)मेज़ पर किताब पड़ी है। | |
| प्रश्न 2 | नीचे दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा शब्दों में बदलें।<br>क) मित्र ख)बच्चा ग) दोस्त घ) मनुष्य ङ) वीर | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से कीजिए।<br>क) प्रिया की ———— बहुत अच्छी है।<br>ख) राम को ———— लग रही थी।<br>ग) दादी को अब ———— आ गया है।<br>घ) आजकल खाने - पीने की चीज़ों में ——— हो रही है। | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 4 | रिक्त स्थान में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>क) बादल ---------- रहे हैं।<br>ख) मैं किताब  खरीद ------------ ।<br>ग) अध्यापक ने बच्चों को ------------------ ।<br>घ)मैंने उसे खाने पर ------------------ ।<br>ड)वह रोज़ पार्क में ------------- हैं ।<br>च)मैं कल सिनेमा देखने --------------- । | |
| प्रश्न 5 | निम्न वाक्यों में निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>क) बंदर ने केला खाया। (भूतकाल)<br>ख )माँ स्वादिष्ट खाना बनाती है। ( भविष्यत्काल)<br>ग )मैंने घर की सफाई की थी। (वर्तमान काल) | |
| प्रश्न 6 | निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) पहाड़ (ख) राजा<br>(ग) आकाश (घ) ईश्वर | |
| प्रश्न 7 | दिए गए चित्र को पहचानकर उसके दो पर्ययवाची शब्द लिखिए।<br>(क)  (ख)  (ग  | |
| | भाग ख | |
| प्रश्न 8 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए<br>एक राजा समय -समय पर प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाता रहता था ताकि लोगों मे उत्साह बना रहे  और विजेता को सम्मानित भी किया जा सके।एक बार उसने राजपुरुष को चुनने के लिए प्रतियोगिता रखी।उसने एक वाटिका बनवाई जिसमें हर तरह की छोटी-बड़ी, सस्ती व महंगी वस्तुएँ रखी गईं। लेकिन उन पर उनका मूल्य नहीं लिखा था। राजा ने ऐलान किया कि जो व्यक्ति इनमें से कीमती वस्तु लेकर वाटिका से बाहर आएगा उसे इस वर्षका राजपुरुष घोषित किया जाएगा।लोग वाटिका में जाते और अपनी समझ से सबसे मूल्यवान वस्तु उठा लाते।कोई हीरे जवाहरात लाया तो कोई पुस्तक उठाकर लाया क्योंकि उसके लिए ज्ञान ही अधिक मूल्यवान था।एक गरीब रोटी उठाकर लाया क्योंकि उसकी नज़र में रोटी ही अधिक मूल्यवान थी।तभी एक योगी आया।वाटिका में काफी देर घूमने के बाद वह खाली हाथ बाहर | |

| | | |
|---|---|---|
| | निकला। राजा ने सभी व्यक्तियों द्वारा लाई गई वस्तुओं को देखा।जब योगी की बारी आई तो राजा ने पूछा -तुम क्या लाए हो? उसने कहा -मैं अपने साथ संतोष धन लाया हूँ महाराज।इस वाटिका में आपने जितनी भी वस्तुएँ रखी हैं उन्हें प्राप्त करके जो खुशी होगी वह कुछ पल की होगी पर जिसके पास संतोष है वह सब इच्छाओं से ऊपर होगा और सुखी रहेगा। राजा ने उसे ही राजपुरुष घोषित कर दिया।<br>क) राजा प्रतियोगिताएँ क्यों आयोजित करवाता था ?<br>ख) राजा ने वाटिका में क्या रखवाया ?<br>ग) किसे राजपुरुष घोषित किया गया और क्यों?<br>घ) निम्न के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।<br>क) अमीर ख) दुखी<br>ङ) निम्न के समानार्थक शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।<br>क) बगीचा ख)प्रसन्नता | |
| प्रश्न 9 | दिए गए संकेतों के आधार पर अनुच्छेद लिखें।<br>सच्चा मित्र<br>सच्चा मित्र......दुख सुख में साथ .........सोच - समझ कर मित्र बनाना ...... मित्र का प्रभाव<br>या<br>पुस्तकालय<br>पुस्तकालय...... पुस्तकों का घर ......लाइब्रेरी ......छात्र पुस्तकों का चुनाव ...... छात्रों व अध्यापकों के लिए......लाभदायक। | |
| | भाग ग | |
| प्रश्न 10 | नीचे दी कविता की पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>सीटी भी है कईतरह की<br>कईतरह के सुंदर खेल<br>चाभी भर देने से भक -भक<br>करती चलने वाली रेल ।<br>गुड़िया भी है बहुत भली -सी<br>पहिने कानों में बाली।<br>क) इन पंक्तियों के कवि व कविता का नाम लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| | ख) रेलगाड़ी कैसे चलती है ?<br>ग) गुड़िया कैसी है ?<br>घ)उसने कानों में क्या पहना है ? | |
| प्रश्न **11** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।<br>(क)किस त्योहार को भिन्न भिन्न जगहों पर अलग अलग ढंग से मनाया जाता है?<br>(ख)पाठ 'फसलों के त्योहार ' में लेखक के घर खिचड़ी के त्योहार पर क्या -क्या किया जाता है ?<br>(ग)हामिद का जवाब सुनकर अमीना को कैसा लगा?<br>(घ)सभी बच्चे ईदगाह जाने के लिए क्यों प्रसन्न थे ?<br>(ङ)मेले में सभी बच्चों ने कैसे मज़े किए ? | |
| प्रश्न **12** | रिक्त स्थान भरें।<br>(क)―――――――― जाने की तैयारियाँ हो रही हैं।<br>(ख)गाँव से मेला चला।बच्चों के साथ ――――――― भी जा रहा था।<br>(ग)सारा दिन ―――――――― के आगे बैठकर हाथ तापते हुए गुज़र जाता है। | |

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/